>

Title: Regarding need to extend Rewari-Delhi passenger train upto

Alwar in Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, उत्तर रेलवे के रिवाड़ी स्टेशन से दिल्ली के बीच लगभग आधा दर्जन गाड़ियां जिन्हें आर.डी (रेवाड़ी-दिल्ली) कहा जाता है, चलती है, जिनमें दैनिक यात्री आवागमन करते हैं। मेरी रेल मंत्री जी से प्रार्थना है कि इनमें से कम से कम एक जोड़ा गाड़ी को अलवर तक बढ़ाया जाये। उत्तर पश्चिम रेलवे का अलवर स्टेशन रिवाड़ी से लगभग 50 कि0मी0 की दूरी पर है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले अलवर जिले के अलवर खैरतल, अजरका-बाबल स्टेशनों से सैंकड़ों यात्री सुबह शाम दिल्ली जाते व आते हैं। अतः आर.डी. गाड़ी के एक जोड़े को अलवर तक बढ़ाया जाये।